आवश्यक वस्तुओं की प्रतिव्यक्ति समान आपूर्ति किये जाने की आवश्यकता

1758. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आवश्यक वस्तुओं जैसे चीनी, आटा और चावल के वितरण हेतु राज्यवार प्रतिव्यक्ति कितना कोटा निर्धारित किया गया है ;

(ख) क्या सरकार को विभिन्न राज्यों के लिए निर्धारित किए गये कोटे में विद्यमान असमाननता के बारे में जानकारी है;

(ग) क्या सरकार इस असमानता को समाप्त करने और प्रत्येक राज्य के लिए प्रतिव्यक्ति कोटे का समान मात्रा आवंटित करने का विचार रखती है ;

(घ) यदि उपयुक्त भाग (ग) का उत्तर "हां" है, तो यह कार्य कब तक कर लिया जाएगा; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री कमालुद्दीन अहमद): (क) से (ङ) केंद्रीय सरकार, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए वितरण के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को चावल, गेहूं, चीनी, मिट्टी का तेल, आयातित खाद्य तेल तथा साफ्ट कोक जैसी वस्तुओं का केवल थोक में आवंटन करती है । राज्यों को थोक आवंटन, राज्यों से प्राप्त मांग, केंद्रीय पूल में उपलब्ध भण्डार, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की पारस्परिक आवश्यकताओं तथा मौसम संबंधी कारणों को ध्यान में रखकर किए जाते हैं। केवल लेवी चीनी के मामले में आवंटन आबादी के आधार पर किए जाते हैं । सार्वजनिक वितरण प्रणाली के आवंटन अनुपूरक स्वरूप के होते हैं और उनका प्रयोजन किसी भी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की कुल आवश्यकताओं को पूरा करना नहीं होता है ।

लेवी चीनी का आवंटन आमतौर पर 1-10-1986 की अनुमानित आबादी के लिए प्रति व्यक्ति, प्रति महीना 425 ग्राम मात्रा उपलब्ध कराने के समान प्रतिमान के आधार पर किया जाता है । अगस्त, 1991 से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को लेवी चीनी के आवंटन में 5% की तदर्थ वृद्धि की गई है ।

थोक आवंटन करने के पैटर्न में परिवर्तन करने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है ।

Meeting with North-East States

1759. SHRI MOHINDER SINGH LATHER:

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA:

SHRI ANANT RAM JAISWAL:

Will the Minister of CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION be pleased to state:

(a) whether Government had arranged a meeting with North-East States in Delhi recently;

(b) if so, what were the basic issues discussed stating the outcome of the meeting, if any;

(c) whether any effective measures have been taken to implement the decisions taken during the said meeting; and

(d) if so, what are the details thereof?